कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208 002

पत्र सं0: 757 / शैक्षिक / 2019 दिनांकः 20 / 11 / 2019

समस्त विभागाध्यक्ष

जो छात्र अस्वस्थता के चलते चिकित्सालय में भर्ती होने अथवा खेलकूद / कान्फ्रेन्स आदि में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने या किसी अन्य अपरिहार्य कारणों से मिड सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने में असमर्थ रहे हों, वो सभी छात्र अपने विभागाध्यक्ष एवं सम्बन्धित स्कूल के अधिष्ठाता से पूर्व अनुमति प्राप्त कर मेकअप परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में 10 दिन के अन्दर लिखित सूचना देना अनिवार्य है। ऐसे छात्र जोकि प्रथम / द्वितीय क्लास टेस्ट अथवा मेकअप टेस्ट में न्यूनतम उपस्थिति को पूर्ण न करने से शामिल होने से वंचित रह गये थे, वह सभी छात्र दिनांक 28.11.2019 तक की गयी उपस्थिति की गणना से End Semester परीक्षा में सम्मिलित होने की अर्हता रखते है, मेकअप परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। ''मेकअप परीक्षा'' एंड सेमेस्टर परीक्षा से एक सप्ताह पूर्व आयोजित होगी तथा उसका प्रश्नपत्र सम्बन्धित पेपर के पूर्ण सिलेबस से तैयार किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराते हुये, मेकअप परीक्षा हेतु पात्र समस्त छात्रों की सूची शैक्षिक कार्यालय को दिनांक 29.11.2019 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि विश्वविद्यालय स्तर पर समस्त छात्रों की सूची संकलित करते हुये परीक्षा के प्रयोजन से परीक्षा नियंत्रक को भेजा जा सके।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप